DAINIK BHASKAR, Surat, 9.3.2021
Page No. 2, Size:(9.88)cms X (16.75)cms.

बुलेट ट्रेनः अलाइनमेंट के लिए जमीन देखने को चार दिवसीय हवाई लिडार सर्वे शुरू

सूरत | अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। वलसाड, वडोदरा सूरत में पिलरिंग का काम शुरू है। ऐसे में अब इस रूट के अलाइनमेंट में जमीन की बनावट देखने के लिए हवाई लिडार सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वे 325 किमी अहमदाबाद-वडोदरा-सूरत-वापी बुलेट रूट पर किया जा रहा है। इसके बाद इस रूट पर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी पिलर बनाएगी। एनएचएसआरसीएल की प्रवक्ता सुषमा गौड़ ने बताया कि हमने अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन में पहली बार हवाई लिडार सर्वे शुरू किया है। यह एयरक्राफ्ट की मदद से हो रहा है। इसमें मुख्य रूप से यह देखा जाता है कि बुलेट ट्रेन का जो अलाइनमेंट निर्धारित है वहां जमीन की बनावट कैसी है, कहां पर ऊंचाई है या कहां जमीन पर ढलान है। इस सर्वे से पिलर और रूट डिजाइन करने में मदद मिलेगी।